(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशों को भेजे गये तकनीकी अधिकारियों के नाम तथा पद क्या हैं; उन्होंने किन देशों का दौरा किया और कितनी अवधि के लिए वे वहां ठहरे वहां उन्होंने किस प्रकार का कार्य किया तथा उन पर विदेशी मुद्रा का कितना व्यय हुआ; और

(ग) उन्हें विदेश भेजते समय उनकी वरिष्ठता को किस सीमा तक ध्यान में रखा गया ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) अधिकारियों का चुनाव मुख्यत: उनकी उपयुक्तता के आधार पर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य, उनके अनुभव और अधिकारियों की क्षमता को ध्यान में रख कर किया जाता है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों में विदेश भेजे गए अधिकारियों के नामों और पदों को दिखाने वाला विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । [ग्रन्थालय में रख दिया गया । देखिये संख्या LT--419/71] अधिकांश प्रतिनिधि मण्डल/डेप्यूटेशन विदेशी सरकारों के निमन्त्रण पर गये थे । अधिकारियों को दी गई अथवा उनके द्वारा खर्च की गई विदेशी मुद्रा की राशी की सूचना प्राप्त की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) अधिकारियों का चुनाव केवल वरीयता के आधार पर ही नहीं किया जाता है । फिर भी विदेश भेजे जाने वाले अधिकारियों का चुनाव करते समय अन्य चीजों के साथ अनुभव और वरीयता को भी ध्यान में रखा जाता है ।

पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु लघु उद्योग के विकासायुक्त द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र

2238. **श्री जे. एन. मंडल** : क्या **औद्योगिक विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि : विकासायुक्त (लघु उद्योग) के कार्यालय के अधीन लघु उद्योगों विषयक समिति ने पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु कितने आवेदनपत्र स्वीकृत किये और पूंजीगत पदार्थों के ब्योरे तथा उनके मूल्य सहित आवेदन पत्रों की राज्यवार संख्या क्या है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : विगत तीन वर्षों में विकास आयुक्त, लघुउद्योग की लघु उद्योग समिति द्वारा स्वीकृत किए गये मामलों की संख्या नीचे दी गई हैं :—

वर्ष	स्वीकृत किये गये मामले	मूल्य (करोड़ रु० में)
1968-69	265	3.26
1969-70	305	3.64
1970-71	371	5.51
योग :--	940	12.41

राज्यवार मूल्य सहित स्वीकृत किए गये मामलों की संख्या के बारे में विस्तृत सूचना अभी उपलब्ध नहीं हैं । ऐसा अनुभव किया गया है कि इन 940 मामलों में मशीनों की विस्तृत जानकारी इकट्ठा करने में बहुत अधिक मेहनत और समय लगेगा ।